मौसम आधारित कृषि परामर्श सेवाएं

(ग्रामीण कृषि मौसम सेवा)

केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर- 342003

दिनांकः 09 नवम्बर 2018

जोधपुर

जिले के लिए भारत मौसम विज्ञान विभाग, क्षेत्रीय मौसम विज्ञान केन्द्र, जयपुर से प्राप्त मध्यावधि मौसम पूर्वानुमान

मौसमी तत्व / दिनांक	10-11-18	11-11-18	12-11-18	13-11-18	14-11-18
वर्षा (मि.मी.)	0	0	0	0	0
अधिकतम तापमान (°सेल्सियस)	31	31	31	30	30
न्यूनतम तापमान (°सेल्सियस)	13	12	13	12	12
बादलों की स्थिति (ओक्टा)	1	0	1	0	0
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) सुबह	79	81	84	85	86
सापेक्षिक आर्द्रता (प्रतिशत) शाम	12	14	18	18	19
हवा की गति (कि.मी/घंटा)	7	5	6	7	5
हवा की दिशा	पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	पूर्व–दक्षिण–पूर्व	दक्षिण	दक्षिण–दक्षिण–पश्चिम

मौसम पूर्वानुमान के आधार पर कृषि परामर्श सेवा, केन्द्रीय शुष्क क्षेत्र अनुसंधान संस्थान, जोधपुर द्वारा इस जिले के किसानों को सलाहः

फसल	अवस्था	सलाह
रबी फसलें		रबी फसलों में दीमक की रोकथाम के लिए खेत तैयार करते समय अन्तिम जुताई पर क्यूनालफास 1.5 प्रतिशत चूर्ण 25 किलो प्रति हैक्टेयर की दर से खेत में डालें।
गेहूं	बुवाई	गेहूं की फसल हेतु खेत को तैयार कर बुवाई करें। राज–4120, जी. डब्ल्यु–11, एच.डी–2967, के.आर.एल–210, के.आर.एल–13, राज–4238, राज–3077, राज–3777, राज–4037 राज–1482 डब्ल्यू.एच–147 व लोक–1 गेहूं की उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 100 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें। नत्रजन, फास्फोरस व पोटाश उर्वरको की मात्रा 60, 40 व 20 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर होनी चाहिएं। दीमक से प्रभावित खेत में 4 लीटर क्लोरपायरीफास 20 ई.सी पलेवा के समय खेत में दें। बुवाई से पहले 2 ग्राम थाइरम से प्रति किलो बीज को उपचारित करें।
जीरा	तैयारी	जीरे की बुवाई के लिए उन्नत किस्मों के बीज का प्रबन्ध करें। आर. जेड–19, आर.जेड–209, जी.जी–4 व आर.जेड–223 जीरे की उन्नत किस्में है। बीज की मात्रा 12–15 किलो ग्राम प्रति हैक्टेयर रखें।
जौ	तैयारी	जौ की फसल के लिए खेत को तैयार कर बुवाई करें। आर.डी–2794, आर.डी–2052, आर.डी–2035, आर.डी–57, आर.डी–31, आर.डी–103, आर.डी–2552, आर.डी–2715 व बिलाडा–2 उन्नत किस्में है।

(नौडल ऑफीसर)